भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1390
जिसका उत्तर मंगलवार, 26 जुलाई, 2016 को दिया जाना है।

इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड का पुनरुद्धार

1390. श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन:
श्री एम. बी. राजेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केरल राज्य सरकार ने पालक्कड, केरल में स्थित इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड के अधिग्रहण के संबंध में जानकारी सरकार को दे दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें सरकार की प्रतिक्रिया क्या है; और

(ग) इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है और अधिग्रहण के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): जी, हां। केरल राज्य सरकार ने परिसम्पत्तियों और देयताओं के निर्धारण किए जाने की शर्त के अध्यधीन, इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन की सूचना दी है।

(ख): इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आईएल) की पलक्काड इकाई के अधिग्रहण के विकल्प पर विचार करने के लिए केरल सरकार से अनुरोध किया गया था। केरल सरकार ने परिसम्पत्तियों और देयताओं का निर्धारण किए जाने की शर्त के अध्यधीन, इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड की पलक्काड़ इकाई के अधिग्रहण के लिए “सैद्धांतिक” अनुमोदन दे दिया है।

(ग): केरल सरकार द्वारा इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड की पलक्काड़ इकाई के अधिग्रहण की रूपात्मकताएं केरल सरकार, केन्द्र सरकार और इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों वाली एक समिति द्वारा तैयार की जा रही हैं।

****